# सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२५-२०२६**

| कक्षा:पाँचवीं | विषय: हिंदी | पाठ:७ हमारे फ़सल से जुड़े त्योहार |
|---|---|---|

**प्रस्तुत पाठ से कोई भी १० कठिन शब्द चुनकर अपनी हिंदी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।**

**प्रश्नोत्तर**

**उ०१-आदि को फसलों से जुड़े त्योहार विषय पर अपने विद्यालय में बोलने के लिए एक लेख तैयार करना था ।**

**उ०२-हमारे देश में मनाए जाने वाले त्योहार प्रायः तीन श्रेणियों में बँटे हैं राष्ट्रीय त्योहार ,सामाजिक त्योहार और फ़सलों से जुड़े त्योहार। हमारे प्रमुख राष्ट्रीय त्योहार हैं स्वतंत्रता दिवस गणतंत्र दिवस और गांधी जयंती। सामाजिक त्योहार हैं होली ,दीवाली ,ईद ,क्रिसमस, गुरु नानक जयंती ,रक्षाबंधन और दशहरा आदि**

**उ०३-मकर संक्रांति का पर्व १४ या १५ जनवरी को मनाया जाता है इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन सब सूर्य की पूजा करते हैं तथा सूर्य को खिचड़ी और तिल से बने सामान का भोग लगाते हैं।**

**उ०४-ओणम का त्योहार श्रावण मास में मनाया जाता है। यह श्रावण मास में श्रवण नक्षत्र के दिन मनाया जाता है। यह फसल के साथ-साथ महाबलि के स्वागत में मनाया जाता है इस दिन भी चावल से तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं।**

**रिक्त स्थान**

**१-फसलों से जुड़े त्योहार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नाम से मनाए जाते हैं।**

**२-मकर संक्रांति से दिन बड़े होने शुरू हो जाते हैं।**

**३-सरहुल के दिन विशेष रूप से साल के पेड़ की पूजा की जाती है।**

**४-मकर संक्रांति का दिन गुजरात में बड़े उत्साह का दिन होता है**

**५-<u>कुमाऊँ</u> में मकर संक्रांति को घुघुतिया कहते है।**

**नीचे दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

**१-उम्मीद**

**२-अंदाज़**

**३-कामना**

**४-मवेशी**